प्रदर्शन | आवागमन हुआ बाधित, वाहनों की लगी लंबी कतार

# जल संकट को लेकर ग्रामीणों ने किया चकाजाम



**डिंडौरी, नवभारत 27 सितंबर।** जिला मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर दूर छाटा गांव में शनिवार सुबह पानी की किल्लत को लेकर ग्रामीणों का सब्र टूट गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने डिंडौरी-बिछिया स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया।

इस दौरान बर्तन लेकर सड़क पर बैठीं महिलाएं समस्याओं को लेकर नारेबाजी करती रहीं। देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन ठप हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस, राजस्व और पीएचई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की। करीब दो घंटे तक मंथन के बाद स्थिति सामान्य हो सकी।

### सीमित मात्रा में की जाती है जलापूर्ति

ग्रामीण महिला सुलोचना नागवंशी और ममता वनवासी ने बताया कि गांव में बीते तीन साल से नल-जल योजना तो चल रही है और कनेक्शन भी दिए गए हैं, लेकिन पानी की आपूर्ति बेहद सीमित है। पंचायत हफ्ते में सिर्फ तीन से चार दिन ही पानी देती है, जो ग्रामीणों की जरूरत के लिए पर्याप्त नहीं है। मजबूरी में लोग निजी बोरवेल पर निर्भर रहते हैं, लेकिन बोरवेल मालिक भी पानी देने से इनकार कर देते हैं। इसी परेशानी से त्रस्त होकर शनिवार सुबह आठ बजे ग्रामीणों को सड़क पर उतरना पड़ा और बर्तन लेकर विरोध जताना पड़ा।

### आश्वासन के बाद जाम खोला गया

हालात बिगड़ते देख समनापुर नायब तहसीलदार सुखमन कुलेश और पीएचई इंजीनियर अंशुल बिसेन मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि पानी की सप्लाई व्यवस्था में सुधार किया जाएगा ताकि उन्हें नियमित रूप से पानी मिल सके। आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क से जाम हटाया और यातायात बहाल हो सका।ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे फिर से उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें : मारव्या

▸ विभागीय समीक्षा में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश



**डिंडौरी,नवभारत 27 सितंबर।** कलेक्टर नेहा मारव्या ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं की प्रगति और सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का विभागवार आकलन किया।

इस दौरान अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, एसडीओपी सतीश द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत सीएम हेल्पलाइन से हुई। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी समयसीमा का पालन करें और प्रकरणों का संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को वास्तविक राहत मिल सके।

**स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष जोर**-कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए जांच-परीक्षण, दवाओं की उपलब्धता और अस्पतालों में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूती प्रथम प्राथमिकता है और इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।शिक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने विद्यालयों की सुविधाओं और नामांकन से वंचित बच्चों की स्थिति पर चर्चा की। निर्देश दिए गए कि जिले का हर पात्र बच्चा विद्यालय से जुड़ा हुआ दिखाई दे और इसकी जानकारी विभाग समय-समय पर प्रस्तुत करे।

**जनजातीय योजनाओं और सेवा पर्व की समीक्षा की**-पीएम जनमन योजना के अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों तथा बैगा-भारिया जनजातीय परिवारों के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने पीएम जनमन आवास योजना की प्रगति पर कार्यों को गति देने के निर्देश भी दिए।साथ ही, 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे कर्मयोगी अभियान सेवा पर्व की गतिविधियों पर चर्चा करते हुए ग्राम स्तर पर जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## एक नजर में



### विप्र समाज ने भाजपा पदाधिकारियों का किया सम्मान

**डिंडोरी, नवभारत 27 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री पद पर सुधीर दत्त तिवारी की नियुक्ति एवं जिला कार्यालय मंत्री के रूप में पवन शर्मा को जिम्मेदारी मिलने पर शनिवार को जिला विप्र समाज ने दोनों पदाधिकारियों का सम्मान किया। समाज के लोगों ने माल्यार्पण एवं मुंह मीठा कर समाज के गौरव को बढ़ाने पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर विप्र समाज के संरक्षकगण दुष्यंत पाठक, सुरेंद्र दुबे, लक्ष्मी प्रसाद तिवारी, बबलू पाठक, बृजेंद्र 'डिंपल' दीक्षित, वीरेंद्र बिहारी शुक्ला, आलोक शर्मा, दीपक तिवारी, नारायण पांडे, कान्हा शर्मा, राहुल पाठक, राहुल पांडे सहित बड़ी संख्या में विप्र बंधु उपस्थित रहे। विप्र समाज ने उम्मीद जताई कि दोनों पदाधिकारी संगठन और समाजहित में अपनी सक्रिय भूमिका निभाकर जिले के विकास में योगदान देने मे अग्रणी भूमिका का निर्वहन करेंगे।



### विद्यार्थियों को कम्प्यूटर व टैली की जानकारी दी

**डिंडौरी, नवभारत 27 सितंबर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय चंद्रविजय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय डिंडौरी में पीएम उषा सॉफ्ट कंपोनेंट-3 कौशल विधा अंतर्गत 30 दिवसीय कम्प्यूटर एवं टैली कोर्स पर रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को कम्प्यूटर एवं टैली विषयक व्यापक जानकारी दी गई। इसमें कम्प्यूटर का परिचय, इनपुट-आउटपुट डिवाइस, एम.एस. वर्ड, समूह चर्चा, साक्षात्कार की तैयारी, रिज्यूम बनाना, टैली पर आधारित कम्पनी बनाना, लेजर, स्टॉक, गोडाउन, डिस्काउंट, मेडिसिन स्टॉक आइटम, सीजीएसटी, एसजीएसटी तथा टैली से संबंधित सम्पूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेडमैप के जिला समन्वयक एस.के. शर्मा के समन्वय में किया गया। समापन अवसर पर सभी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

**योजना मील का पत्थर साबित होगी : डॉ. दुबे**-इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार दुबे ने उच्च शिक्षा विभाग एवं सेडमैप के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की यह महत्वपूर्ण योजना विद्यार्थियों के भविष्य के लक्ष्यों को पूर्ण करने हेतु मील का पत्थर सिद्ध होगी।कार्यक्रम में पी.एम. उषा सॉफ्ट कंपोनेंट-3 कौशल विधा के नोडल अधिकारी डॉ. अमित बेलिया ने पी.एम. उषा की विभिन्न योजनाओं से विद्यार्थियों को परिचित कराते हुए प्रेरणादायक संदेश दिया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. प्रतिमा संत द्वारा किया गया।




# विद्यार्थियों को पास्को एक्ट की दी गई जानकारी

▸ भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान के तहत किया गया जागरूक

**नवभारत उमरिया 27 सितंबर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निगहरी एवं नवीन शासकीय हाई स्कूल तमन्नारा में एव नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक छात्रावास लालपुर एवं शासकीय हाई स्कूल लालपुर में मिशन वात्सल्य अंतर्गत प्रशिक्षण महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को पाक्सो एक्ट, फोस्टर केयर, स्पॉन्सरशिप मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई। इस दौरान उक्त विषयों पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई और प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। इसी प्रकार मौहारटोला चंदिया में भिक्षावृत्ति अभियान चलाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# हाथी महोत्सव में विदेशी पर्यटकों ने कर्मा व सैला नृत्य का उठाया लुत्फ





**चिल्हारी नवभारत 27 सितंबर।** क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अनुपम सहाय ने बताया कि हाथी महोत्सव के दूसरे दिन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खितौली, शासकीय कन्या हाई स्कूल, खितौली एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय, खितौली से आए छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण, कविता पाठ एवं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई।

इज़राइल से आयी महिला पर्यटक ने भी कार्यक्रम के दौरान कर्मा एवं शैला नृत्य की प्रस्तुति का आनंद लिया एवं स्थानीय संस्कृति एवं परंपरा से परिचित हुईं। उन्होंने कहा कि हाथी महोत्सव एवं हाथी पुनर्योवनीकरण कैंप का उद्देश्य हाथियों, हाथी महावतों, चाराकटरों हेतु अवकाश प्रदान करते हुए हाथियों का स्वास्थ्य परीक्षण करना, उनका मनपसंद भोजन उपलब्ध कराना एवं विशेष सेवा करने के साथ स्थानीय जन समुदाय को हाथियों को निकट से जानने का अवसर प्रदान करना है।

### हाथियों को खिलाए गए फल

इस अवसर पर सहायक संचालक ताला, परिक्षेत्र अधिकारी, खितौली, ताला, पनपथा कोर सहित खितौली सरपंच, विभिन्न इको विकास समितियों के अध्यक्ष उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम समापन उपरांत जनसमूह द्वारा कैंप हाथी गौतम एवं सूर्या को फलों का सेवन कराया गया।

### हाथियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हाथी महोत्सव के चौथे दिन हाथियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया ।इस अवसर पर मुख्य रूप से हाथियों के भोजन के आनंद तथा उनके स्वास्थ्य परीक्षण संबंधी गतिविधियों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन हाथियों के लिए अलग-अलग गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिससे उनकी संपूर्ण देखभाल के साथ-साथ उन्हें उत्साहित भी किया जा सके। हाथियों का स्वास्थ्य परीक्षण जबलपुर के डॉ. देवेंद्र और उनकी तीन सदस्यीय वन्य प्राणी विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया।



# महिलाओं से दुर्व्यवहार पर किया गया जागरूक

▸ अभिमन्यु-3 अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शहपुरा, डिण्डौरी, नवभारत।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार संचालित अभिमन्यु-3 अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल सुरक्षा, लैंगिक समानता, नशा मुक्ति एवं साइबर जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शनिवार को बस स्टैंड शहपुरा में एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, शहपुरा के र्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रहीं। जिन्हें महिलाओं एवं बच्चों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार और अपराधों के विरुद्ध समाज में जागरूकता फैलाना, महिलाओं को पुरुषों के समान कार्यक्षेत्र में अधिकार और सम्मान दिलाने हेतु संवेदनशीलता बढ़ाना, लैंगिक भेदभाव को समाप्त कर समान अवसर देने की दिशा में सकारात्मक सोच विकसित करना, बच्चों को महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति सम्मानजनक एवं जिम्मेदार व्यवहार के लिए प्रेरित करने की जानकारी दी गई।

### समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ ली

इस अवसर पर अभिमन्यु सेल्फी कट-आउट के साथ उपस्थित लोगों ने फोटो लेकर अभियान को समर्थन देने की पहल की तथा मैं हूं अभिमन्यु की भावना से प्रेरित होकर समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ ली। इसके अलावा चौकी विक्रमपुर बाजार में मैं हूं अभिमन्यु कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को जागरूक किया गया। थाना मेहंदवानी में अभिमन्यु-3 अभियान के अंतर्गत विविध गतिविधियां एवं जनसम्पर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# राशन दुकान संचालक को 10 वर्ष का कारावास

**डिण्डौरी, नवभारत 27 सितंबर।** मीडिया सेल प्रभारी अभियोजन अधिकारी मनोज कुमार वर्मा द्वारा बताया गया कि आरोपी शिवराम बनवासी के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत आरोप लगाया गया था कि शासकीय उचित मूल्य दुकान की खाद्य सामग्री की अफरा-तफरी कर अवैध लाभ अर्जित किया है।

इस मामले में शिकायत पर थाना समनापुर जिला डिण्डौरी द्वारा आरोपी के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना पश्चात चालान न्यायालय में पेश किया गया। उक्त मामले की सुनवाई करते हुए द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश शिवकुमार कौशल द्वारा आरोपी शिवराम बनवासी को 10 वर्ष कठोर कारावास एवं 1000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं करने पर 6 माह अतिरिक्त कठोर कारावास से दण्डित किये जाने के आदेश पारित किये गये।



# भवन निर्माण की गुणवत्ता पर दें ध्यान

▸ एसडीएम ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**डिंडौरी, नवभारत 27 सितंबर।** कलेक्टर नेहा मारव्या के निर्देशन एवं एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन द्वारा जिले के विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय महाविद्यालय करंजिया, पीएम जनमन आवास, आंगनबाड़ी भवन खारीडीह, कान्दाटोला, पण्डरीपानी, तरच और पिपरिया में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम बजाग ने निर्माण एजेंसियों एवं संबंधित ग्राम पंचायतों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माणाधीन भवनों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। साथ ही निर्माण गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए आवश्यक सुधार कार्य किए जाएं।

### पारदर्शिता बनाए रखने के दिए निर्देश

इस अवसर पर एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की प्रगति जानी और उन्हें पारदर्शिता एवं गुणवत्तायुक्त कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग रिषभ कोकडिया, प्रबंधक मानव गजभिये सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।




### विद्यार्थियों को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी

**शहपुरा नवभारत 27 सितंबर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में स्कूली बच्चों व जनसामान्य में विधिक जागरूकता लाने के उद्देश्य से शासकीय स्नातक महाविद्यालय शहपुरा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कर्नल सिंह श्याम अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड शहपुरा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित कर विधिक सेवा प्राधिकरण के गठन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अलावा नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह, सायबर सुरक्षा आदि विषयों पर कानूनी जानकारी प्रदान की गई। शिविर में उपस्थित अधिवक्ता निर्मल कुमार साहू द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित गतिविधियों बारे में अवगत कराते हुए मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 पर प्रकाश डाला गया।

**बरौदी में शिविर आयोजित किया गया**-इसी क्रम में शिविर में उपस्थित अधिवक्ता विनय झारिया एवं भूपत परस्ते द्वारा अपने सम्बोधन में उपस्थित छात्र-छात्राओं से कानूनी जानकारी साझा की। शिविर के दौरान महाविद्यालय के प्रभारी प्रचार्य परस्ते सहित स्टाफ एवं काफी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। इसी क्रम में शासकीय हाई स्कूल बरौदी में भी विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।



# दंगाइयों ने उत्पात मचाते हुए की पत्थरबाजी

▸ डीआईजी एवं एसपी की उपस्थिति में बलवा ड्रिल आयोजित

**नवभारत उमरिया 27 सितंबर।** त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये उमरिया पुलिस ने अपनी तैयारियों को परखने के उद्देश्य से पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल का आयोजन किया।

डीआईजी शहडोल सविता सोहाने एवं पुलिस अधीक्षक विजय भागवानी की उपस्थिति में हुई इस ड्रिल में पुलिस बल की आपात्कालीन परिस्थितियों से निपटने के लिये की जाने कार्यवाहियों का परीक्षण एवं क्षमता का आकलन किया गया, साथ ही ड्रिल के दौरान किन परिस्थितियों में किस प्रकार कार्यवाही की जानी है इसके संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। ड्रिल के दौरान दंगाई बने पुलिसकर्मियों ने उत्पात मचाते हुए पत्थरबाजी की, स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कैन पार्टी, लाठी पार्टी और अश्रु गैस पार्टी ने प्रभावी कार्रवाई की। ड्रिल के बाद डीआईजी एवं पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित बल को आपात्कालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए मार्गदर्शन दिया।

# किसान घर में बना सकते हैं जैविक उत्पाद : साहू

▸ जैविक खेती के गुर सीखने विद्यार्थी पहुंचे नर्मदांचल गौ सेवा समिति के फार्म हाउस




**डिण्डौरी, नवभारत 27 सितंबर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रयपुरा के 50 विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण व्यावसायिक शिक्षा (ट्रेड- कृषि) के अंतर्गत नर्मदांचल गौ सेवा समिति ग्राम ढोंढ़ा में भेजा गया, जहां छात्र-छात्राओं को जैविक फार्म हाउस में कृषि से संबंधित विभिन्न प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष व जैविक कृषि विशेषज्ञ बिहारी लाल साहू ने जैविक फार्म हाउस ग्राम ढोंढ़ा में विद्यार्थियों को जीवामृत बनाकर प्रैक्टिकल सिखाया, साथ ही बताया कि जीवामृत में सूक्ष्म जीवों की मात्रा प्रत्येक 2 घंटे में दोगुना बढ़ती है। केंचुआ खाद बनाने का प्रयोग दिखाया, साथ ही जैविक, प्राकृतिक खेती पर विस्तृत जानकारी दी। प्राकृतिक खेती केवल पद्धति नहीं, बल्कि धरती मां की सेवा और मानवता के स्वास्थ्य की रक्षा का संकल्प है। उन्होंने कहा कि किसान जैविक उत्पाद घर में ही बना सकते हैं।

### भूमि को उपजाऊ बनाया जा सकता है

देशी गाय के गोबर और गौमूत्र से 30 एकड़ भूमि को उपजाऊ बनाया जा सकता है, यही इस पद्धति की शक्ति है। हमारा लक्ष्य आने वाली पीढ़ियों को फसल ही नहीं, बल्कि उपजाऊ धरती का अमूल्य उपहार देना है। समाज को जहरमुक्त, स्वास्थ्यप्रद आहार उपलब्ध कराना है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पारंपरिक कृषि के साथ-साथ आधुनिक, टिकाऊ और पर्यावरण सम्मत खेती के तरीकों से अवगत कराना रहा।

### इस पहल से किसान कृषि कार्यों में दक्ष हो सकते हैं

यह पहल किसानों को न केवल कृषि कार्यों में दक्ष बनाएगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और रोजगारोन्मुखी भी बनाएगी। इस दौरान (कृषि-ट्रेड्) के 50 विद्यार्थियों ने औद्योगिक भ्रमण प्रक्षिक्षण में रुचि लेकर भविष्य में जैविक खेती को अपनाने की इच्छा व्यक्त की। कार्यक्रम में जैविक कृषि विशेषज्ञ बिहारी लाल साहू, शिक्षक सविता मार्को, गगन हरि खेड़े, कुशकेत झारिया सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।